3

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	करणसिंह बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 349 / 2022	
02-01-2023	अपीलार्थी करणसिंह पुत्र स्व. कैलाशसिंह पता, म.नं. 43, कीर्तिनगर मगरा पूंजला हुडको क्वाटर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 10.06.2022 में (1) गावं खारड़ा रणधीर ग्राम पंचायत खारड़ा रणधीर के गौचर, औरण पड़त या सरकारी जमीन के खसरों की सूचना व अवैध निर्माण व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार तहसील कार्यालय जोधपुर को स्थानान्तरित कर दिया गया तथा तहसीलदार जोधपुर ने जरिये पत्रांक 894 दिनांक 19.09.2022 को सूचना दी गई, जिससे व्यंथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा तहसीलदार जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को प्रार्थना पत्र के बिन्दु सं0 2 से 8 तक की सूचना 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	